(२) बचाना है मनुष्य को ............... हो जाने से।

(अ) पेड़ (ब) नदी (क) जंगल

(३) अभी तो हमें जाना है बाहर, ............... को रखेगा कौन?

(अ) बूढ़ों (ब) बड़ों (क) बच्चों

(४) ............... के नाम पर नहीं था, खून का छिड़काव।

(अ) भाषा (ब) धर्म (क) प्रांत

**(आ)** निम्नलिखित में से कोई एक पद्यांश को पढ़कर उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : (४)

'रहिमन' जिह्वा बावरी, कहिगी सरग पाताल।
आपु तो कहि भीतरि रही, जूती खात कपाल ॥

**प्रश्न :**

(१) प्रस्तुत दोहा किसका है?

(२) जिह्वा कैसी है?

(३) स्वर्ग–पाताल की बातें कौन करता है?

(४) किसे जूते खाने पड़ते हैं?

**अथवा**

**(आ)** जो घर में हो कोई वृद्धा –
खाना ज्यादा अच्छा पकता है,
पर्दे–पेटीकोट और पायजामे भी दर्जी और रफूगरों के
मुहताज नहीं रहते,
सजा–धजा रहता है घर का हर कमरा।

**प्रश्न :**

(१) प्रस्तुत पद्यांश किस कविता का है?

(२) किस घर का खाना अच्छा पकता है?

(३) पर्दे किसके मुहताज नहीं रहते हैं?

(४) घर का हर कमरा कैसा रहता है?